समग्र शिक्षा अभियान
(सेकेण्डरी ऐज्यूकेशन)
लोक शिक्षण संचालनालय,परिसर, गौतम नगर, भोपाल–462023
दूरभाषः 91–0755–2600124 फेक्सः 91–0755–2583651

क्रमांक / समग्र / 2025–26 / 170 भोपाल, दिनांकः– 15/01/2026

प्रति,

1. जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त जिले, मध्य प्रदेश।
2. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक,
समस्त जिले, मध्य प्रदेश।

**विषय:** EQIP-LEP अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन कार्यशाला के आयोजन के संबंध में।

राज्य में **Education Quality Improvement Program (EQIP) - Learning Enhancement Program (LEP 2025-26)** के तहत राज्य के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए **ऑनलाइन स्टूडेंट वर्कशॉप** का आयोजन 19 जनवरी 2026 से 22 जनवरी 2026 के मध्य किया जा रहा है। सभी वर्कशॉप का समय प्रातः 11 बजे निर्धारित किया गया है तथा प्रत्येक वर्कशॉप की अवधि लगभग 35-40 मिनट होगी।

उक्त कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा 9वीं से 12वीं विद्यार्थियों को **करियर मार्गदर्शन** (Career Advisory) प्रदान करना तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को **बोर्ड परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी** हेतु उपयोगी टिप्स एवं रणनीतियों से अवगत कराना है, जिससे वे अपनी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक दिशा का बेहतर निर्धारण कर सकें।

**विषयवस्तु:**

1. करियर विकल्पों की जानकारी एवं मार्गदर्शन
2. विषय चयन एवं स्ट्रीम चयन संबंधी परामर्श
3. बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु प्रभावी अध्ययन रणनीतियाँ
4. समय प्रबंधन, परीक्षा तनाव प्रबंधन एवं सफलता के टिप्स

सभी संबंधित विद्यालयों के **प्राचार्य** अपने विद्यालय के कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर विद्यार्थियों को ऑनलाइन कार्यशाला में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करें।

कार्यशाला से संबंधित विस्तृत **समय-सारणी परिशिष्ट-1 में संलग्न एवं ऑनलाइन लिंक** EQIP-LEP के आधिकारिक वेबसाईट www.eqip.org.in एवं Whatsapp Group के माध्यम से पृथक रूप से साझा की जाएगी।

(मनीषा सेतिया)
अपर परियोजना संचालक
समग्र शिक्षा अभियान(सेके. एजु.)
मध्य प्रदेश

Scanned with OKEN Scanner

क्रमांक/समग्र/2025-26/ 171

भोपाल, दिनांक - 15/01/2026

**प्रतिलिपिः**

1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल।
2. राज्य परियोजना संचालक, समग्र शिक्षा अभियान(सेके. एजु.), भोपाल।
3. कलेक्टर, समस्त जिले म.प्र.।

अपर परियोजना संचालक
समग्र शिक्षा अभियान(सेके. एजु.)
मध्य प्रदेश

Scanned with OKEN Scanner

| दिनांक | कक्षा | विषय शीर्षक |
|---|---|---|
| 19.01.26 | Class 9 | कक्षा 10 के लिए मजबूत शैक्षणिक आधार बनाना |
| 19.01.26 | Class 9 | कक्षा 9 में प्रभावी समय प्रबंधन |
| 20.01.26 | Class 10 | बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी, परीक्षा तनाव का प्रबंधन और आत्मविश्वास बढ़ाना |
| 20.01.26 | Class 10 | कक्षा 10 के बाद करियर जागरूकता: सही मार्ग का चयन |
| 21.01.26 | Class 11 | कक्षा 11 से कक्षा 12 में सहज परिवर्तन |
| 21.01.26 | Class 11 | कक्षा 11 में समय प्रबंधन और अवधारणा निर्माण |
| 22.01.26 | Class 12 | कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा सफलता रणनीति |
| 22.01.26 | Class 12 | कक्षा 12 के बाद करियर योजना |

Scanned with OKEN Scanner